# Marudhara Bal Shikshan Sansthan

Near Ratholai Nadi, Pipar City, Jodhpur, (Raj). Phone no. 02930-234956, 09460956847.
E-mail: mbsspiparcity@gmail.com, Website: marudharabalshikshansansthan.com.

To,

The National Trust,

New Delhi.

Subject: Clarification regarding electricity bill demanded by national trust in NGO renewal process.

Dear Sir/Madam,

Reference to the above mention subject I want to inform you that Marudhara Bal Shikshan Sansthan run in rented property and electricity and water supply provided by property owner as per rent agreement we have to pay as per our uses on sub meter basis, so we don't have separate electricity connection on our NGO name.

Thanking you!

Shyamlal

**Secretary**

सचिव
मरूधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)

Place: Pipar City

Date: 10/04/2022

# मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान, पीपाड़ शहर (जोधपुर)

## वार्षिक रिपोर्ट

## सत्र 2021–2022

मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान, पीपाड़ शहर (जोधपुर)

MARUDHARA BAL SHIKSHAN SANSTHAN, NEAR RATHOLAI NADI, PIPAR CITY (JODHPUR) RAJASTHAN-342601

Contact No. 02930-234956, 9460956847, E-mail – mbsspiparcity@gmail.com

Website – marudharabalshikshansansthan.com

## संस्था का विवरण

मरूधरा बाल शिक्षण संस्थान पीपाड शहर का रजिस्ट्रेषन सोसायटी एक्ट 28(1958) के अन्तर्गत स्वैच्छिक संगठन जो रजिस्ट्रार संस्थाएं जोधपुर से पंजिकृत है, इस संस्था का पंजिकृत दिनांक 7 अक्टूम्बर 2005 है। संस्था का कार्य क्षैत्र सम्पूर्ण राजस्थान राज्य है। संस्था सत्र 2005 से दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ हेतु शिक्षण प्रशिक्षण एवं पूनर्वास का कार्य कर रही है। तथा संस्था अपने क्षेत्र में दिव्यांगजनो के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में कार्यरत है।

संस्था सत्र अगस्त 2006 से जोधपुर जिले के पीपाड शहर में दिव्यांगजन बालक/बालिकाओं के लिए शिक्षण प्रशिक्षण एवं पुनर्वास हेतु विषेश मानसिक विमंदित (बौधिक दिव्यांगजन) विद्यालय का संचालन कर रही है। तथा पिछले 5 वर्षो (सत्र 2017–18) से ज्योतिबा फूले मूक बधिर के नाम से विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। शुरूआती दौर में मात्र 5 व 7 दिव्यांगजन बच्चों से प्रारम्भ हुए थे तथा आज संस्था में लगभग 50 बौधिक दिव्यांग बालक/बालिकाएं एंव 25 मूक बधिर दिव्यांग बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है। ये विद्यालय संस्था द्वारा अपने स्तर पर बहुत ही कम संसाधनों से प्रारम्भ किया गया है। तथा स्थानीय भामाषाहों के सहयोग लेकर संस्था ने अपना काम चलाया था।

संस्था जिले में राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के मेडिकल कैम्पों के माध्यम से बच्चों को मेडिकल प्रमाणपत्र रोडवेज पास रेलवे पास आदि बनवाने में मदद की करती है। कैम्पों के माध्यम से बच्चो कों ट्राइ साईकिलें व्हील चैयर बैशाखी हियरिंग एड आदि दिलवाने में मदद करती है।

संस्था में इन दिव्यांगजन बालक/बालिकाओं के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसमें यह विद्यार्थी बहुत रूचिपूर्ण भाग लेते है। तथा उनके मनोबल बढाने के लिए कुछ पारितोषित इनाम भी दिया जाता है।

**एलएलसी मेम्बरः**– संस्था पिछले कई वर्षो से भारत सरकार के नेशनल ट्रस्ट से रजिस्ट्रर्ड है संस्था को राजस्थान के दो जिले पाली व जोधपुर का एलएलसी मेम्बर बनाया गया है। इस कमेटी में जिला कलक्टर अध्यक्ष होता है। और एक दिव्यांगजन और एक रजिस्टर्ड संस्था मेम्बर होती है। प्रत्येक तीन माह बाद जिले में लोकल लेवल कमेटी की बैठक आयोजित होती है। इस बैठक में मुख्य रूप से नेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित होने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की जाती है। और मुख्य लीगल गार्जनशिप का कार्य किया जाता है।

## लोकल लेवल कमेटी (नेशनल ट्रस्ट भारत सरकार की ओर से गठित) की बैठक दिनांक 21/02/2022 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 21.02.2022 को श्री अभिषेक सुराणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में भारत सरकार के दिव्यांग अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत नेशनल ट्रस्ट द्वारा गठित लोकल लेवल कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नानुसार अधिकारी गण/पदाधिकारी उपस्थित हुए :–

| क.स. | उपस्थित अधिकारियों के नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल व्यास | उपनिदेशक सान्यायअवि जोधपुर |
| 2 | श्री बलवन्त मंडा | मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी जोधपुर |
| 3 | श्री सम्पत राज | को–ऑडिनेटर/आर.ओ. मरूधरा विद्यालय संस्था, पीपाड़ शहर, जोधपुर। |
| 4 | श्री राजेश भंडारी | सदस्य |

सचिव
मरूधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)

- सर्वप्रथम उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जोधपुर के द्वारा भारत सरकार के दिव्यांग अधिकारिता मंत्रालय के अधीन नेशनल ट्रस्ट द्वारा गठित लोकल लेवल कमेठी के बारे में जानकारी प्रदान की गयी जिसका मुख्य उद्धेश्य मानसिक विमंदित लोगो के लिए विधिक संरक्षक नियुक्त करना है साथ ही नेशनल ट्रस्ट के द्वारा निरामया, दिशा, आशा इत्यादी अन्य योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गयी।

- उपनिदेशक द्वारा बताया गया कि पूर्व बैठक में अनुमोदित समस्त संरक्षकता वाले प्रमाण पत्रों का वितरण लीगल गार्जियन को कर दिया गया हैं तथा वर्तमान में कुल 5 ऑन लाईन निम्नानुसार आवेदन विधिक संरक्षकता के लिए लम्बित है जिसे उनकी आई.डी. द्वारा पात्रता पूरी करने पर श्रीमान जिला कलक्टर महोदय की आई.डी. पर फारवर्ड कर दिया गया हैं आवेदकों का विवरण निम्नानुसार है :–
    - गुरूमित कौर / मनमीत कौर 54 कृष्ण मंदिर रोड रातानाडा
    - कैलाश गहलोत / झुमरलाल, चोचियों की गली सालावास
    - मधुसुदन सोनी / जितेन्द्र सोनी वार्ड संख्या 9 त्रिपोलिया के पास जोधपुर
    - रज्जाक खान / सफी खान बालसमन्द रोड रॉयल्टी नाका जोधपुर
    - मो. अययान / मो. अफजल, जाकिर हुसैन कॉलोनी जोधपुर

- बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जोधपुर को निर्देश प्रदान किये गये कि योजना का प्रचार प्रसार ब्लाक स्तर पर किया जाकर रजिस्टर्ड एन.जी.ओ. के मार्फत एवं अन्य दिव्यांगता के क्षैत्र में कार्यरत एन.जी.ओ. के यहां निवासित लोगों के निरामया कार्ड बनवाने की प्रकिया सम्पादित करावें साथ ही इन सबका लीगल गार्जियनशिप प्रमाण पत्र भी बनवाना सुनिश्चित करावें।

- बैठक में उपनिदेशक द्वारा बताया गया कि नेशनल ट्रस्ट द्वारा प्रचार प्रसार मद में कई वर्षो से बजट प्रदान किया गया है उक्त खाते का संचालन श्रीमान जिला कलक्टर महोदय एवं आर.ओ. के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है चूंकि ग्रामिण क्षैत्रों के उक्त योजना के बारे में किसी को पता नहीं है ऐसे में विभाग के अधीन ब्लाक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों के मार्फत योजना के प्रचार प्रसार हेतु पेम्पलेट छपवाकर उनका वितरण किया जा सकता है बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे पैम्पलेट छपवाये जाने के लिए ड्राफट बनाकर प्रस्तुत किया जावे एवं श्रीमान कलक्टर महोदय की सक्षम स्वीकृति के बाद कार्य सम्पादित किया जावे।

- बैठक में नेशनल ट्रस्ट को पत्र लिखकर उनके द्वारा होल्ड की गयी योजनाओं को जिले के लिए पुनः प्रारम्भ किये जाने के संबंध में निर्णय लिया गया एवं योजना के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

**<u>लोकल लेवल कमेटी (नेशनल ट्रस्ट भारत सरकार की ओर से गठित) की बैठक दिनांक 16/07/2021 का कार्यवाही विवरण</u>**

दिनांक 16/07/2021 को श्री रामचन्द्र, अपर जिला कलक्टर (शहर) जोधपुर की अध्यक्षता में भारत सरकार के दिव्यांग अधिकारिता मंत्रालय के अन्तर्गत नेशनल ट्रस्ट द्वारा गठित लोकल लेवल कमेठी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नानुसार अधिकारी गण/पदाधिकारी उपस्थित हुएः–

| क.स. | उपस्थित अधिकारियों के नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनिल व्यास | उपनिदेशक सान्यायअवि जोधपुर |
| 2 | श्री सम्पत राज | को–ऑडिनेटर/आर.ओ. मरूधरा विद्यालय संस्था, |

सचिव
मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)

| | | |
|---|---|---|
| | | पीपाड़ शहर, जोधपुर। |
| 3 | श्री राजेश भंडारी | सदस्य |

- सर्वप्रथम उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जोधपुर के द्वारा भारत सरकार के दिव्यांग अधिकारिता मंत्रालय के अधीन नेशनल ट्रस्ट द्वारा गठित लोकल लेवल कमेठी के बारे में जानकारी प्रदान की गयी जिसका मुख्य उद्धेश्य मानसिक विमंदित लोगो के लिए विधिक संरक्षक नियुक्त करना है साथ ही नेशनल ट्रस्ट के द्वारा निरामया, दिशा, आशा इत्यादी अन्य योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गयी।

- उपनिदेशक द्वारा बताया गया कि पूर्व बैठक में अनुमोदित 4 लीगल गार्जियन प्रमाण पत्र श्रीमान जिला कलक्टर महोदय की साइट पर प्राप्त हुए है जिन्हें अप्रूव किया जा चुका है एवं श्रीमान जिला कलक्टर महोदय के हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत किया जाना है:-
  - संघर्ष पुरोहित निवासी बद्री पान वाली गली प्रथम सी रोड जोधपुर
  - मोहम्मद अयान निवासी प्लाट संख्या 194 गली संख्या 2 जाकिर हुसैन कोलोनी जोधपुर
  - शाहिदा नायब-18 अमृत नगर जोधपुर
  - सुखराम देवासी निवासी राइको का बास मोगडा कला लूणी

- बैठक में श्री सम्पत राज को-ऑडिनेटर/आर.ओ. के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 10 लोगों को विधिक संरक्षकता के दस्तावेज मय आवेदन तैयार करवा लिये गये है जो कि ऑन लाईन अपलोड किये जाने है ऑन लाईन अपलोड किये जाने के पश्चात प्रमाण पत्र श्रीमान के अनुमोदन के बाद संरक्षको सुपुर्द किये जाने का कार्य सम्पादित किया जावेगा श्री सम्पत राज को एक सप्ताह में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गये।

- बैठक में उपनिदेशक द्वारा बताया गया कि नेशनल ट्रस्ट द्वारा प्रचार प्रसार मद में कई वर्षो से बजट प्रदान किया गया है उक्त खाते का संचालन श्रीमान जिला कलक्टर महोदय एवं आर.ओ. के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता है चूंकि ग्रामिण क्षैत्रों के उक्त योजना के बारे में किसी को पता नहीं है ऐसे में विभाग के अधीन ब्लाक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों के मार्फत योजना के प्रचार प्रसार हेतु पेम्पलेट छपवाकर उनका वितरण किया जा सकता है बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे पैम्पलेट छपवाये जाने के लिए ड्राफट बनाकर प्रस्तुत किया जावे एवं श्रीमान कलक्टर महोदय की सक्षम स्वीकृति के बाद कार्य सम्पादित किया जावे।

- बैठक में जोधपुर जिले में संचालित मानसिक विमंदित गृहों में निवासरत एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लीगल गार्जियनशिप कार्ड बनवायें जाने हेतु उपनिदेशक सान्याअवि जोधपुर को निर्देशित किया गया कि वे समस्त ऐसे संस्थानों को निर्देशित करें ताकि वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लीगल गार्जियनशिप बन सके एवं नेशनल ट्रस्ट की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जा सकें।

- बैठक में वर्तमान सदस्य एवं आर.ओ. के कार्यकाल को बढाये जाने की सहमति प्रदान की गयी जिसके उपरान्त ही नवीन प्रमाण पत्र एप्रूव किये जा पायेंगे।

**15 अगस्त (स्वतन्त्रता दिवस) का आयोजनः-** संस्था द्वारा राष्ट्रीय त्यौहार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के एम. आर. बच्चों द्वारा सांस्कृति प्रस्तुती दी गई, बच्चों को मिष्ठान वितरित किये गये तथा कुछ बच्चों को इनाम भी दिये गये । विद्यालय के बच्चों को शहर के कुछ भामाषाहों द्वारा कुछ विषेष गिप्ट भी दिये गये। फल भी वितरित किये गये।

सचिव
मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)


**02 अप्रैल विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवसः–** संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस को बहुत ही उत्साह पूर्ण मनाया गया। आम जन को ऑटिज्म दिव्यांगता से अवगथ करवाया गया। इस दिव्यांगता के लक्षण क्या है, इससे ग्रसित व्यक्ति के जीवन में सुधार के लिए आम जन सामान्य व समाज किस प्रकार अपना योगदान दे सकता है इस पर चर्चा हुई बच्चों में ऑटिज्म के शुरूवाती लक्षणों से कैसे इस दिव्यांगता की पहचान जाती है इसकी भी जानकारी दी गयी।


**विश्व विकलांग दिवस का आयोजनः–** संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व विकलांग दिवस को बहुत ही उत्साह पूर्ण मनाया गया। संस्था के बच्चों द्वारा नगर में विशाल रैली का आयोजन किया गया जो शहर के मुख्य मार्गों से गुजर कर लोगों में संदेश दिया गया। रैली के आयोजन के पश्चात संस्था परिसर में कुछ भामाशाहों द्वारा बच्चों को फल व मिठाई बांटी गई । तथा उसकें पश्चात लोगों ने संस्था परिसर का विजिट किया तथा बच्चो के विद्यालय को बहुत ही उपयोगी बताया गया।

**D. Ed. Special Education (Intellectual Disability):–** संस्था में दिनांक 26.12.2021 को D. Ed. Special Education (Intellectual Disability) का निरीक्षण आर. सी. आई. टीम के प्रो. रविकांत गूंठे एवं सुश्री सोनम द्वारा किया गया।




सचिव
मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)






सचिव
मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)






सचिव
मरूधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)




सचिव
मरुधरा बाल शिक्षण संस्थान
पीपाड़ शहर (जोधपुर)